ANTHONY J. BECKER का वक्तव्य,

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 6**

व्यवसाय: सिनेमेटोग्राफी छात्र/राइडशेयर आयु: 31

शिक्षा एवं योग्यता:

मैं जन्म से ही सैंटा क्लारा का निवासी हूँ, De Anza College से स्नातक और हाल ही में San Jose State का छात्र हूँ। मैं यहीं फिल्मों में अपने करियर को बनाता हुआ पला-बढ़ा, मैं सैंटा क्लारा का पुत्र हूँ। मैं अन्य लोगों को भी सैंटा क्लारा में वही अवसर देना चाहता हूँ। मैं लीडर हूँ, भविष्य हूँ और City Council सीट 6 के लिए सबसे अच्छा तैयार उम्मीदवार हूँ। मेरी शिक्षा एवं पृष्ठभूमि सिनेमा क्षेत्र और राजनीतिक विज्ञान के क्षत्र की है। काउंसिल के सदस्य के रूप में मेरी प्राथमिकतायएँ निम्न हैं: अवैध सौदों को बंद करने के लिए वोटरों की आवाज़ बनूँगा और वर्तमान के नेबरहुड्स के साथ सामंजस्य बनाते हुए सामान्य विकास योजना पर ध्यान दूंगा। सार्वजनिक सुरक्षा और म्यूनिसिपैलिटी उपयोगिताओं के लिए वरिष्ठ और युवा नागरिकों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करूँगा। पेंशन सुधार और संतुलित बजट के लिए समाधान और शहर के कार्यों के लिए स्वतंत्र दृष्टिकोण और पारदर्शिता प्रदान करूँगा। मुझमें सैंटा क्लारा के निवासियों की सेवा करने के लिए नायकत्व, प्रतिबद्धता और इच्छा है। मैं करियर राजनीतिज्ञ नहीं हूँ, न ही किन्हीं विशेष हितों के समर्थन पर टिका हुआ हूँ, इसलिए मैं आपकी आवाज हूँ और आपके लिए काम करूँगा।

मैं बहुत सम्मान से आपको विचार करने और वोट प्रदान करने की उम्मीद करता हूँ।

मेरी वेबसाइट देखें http:/www.beckerforcouncil2016.com